्यालय उपखण्ड अधिकारी,नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

ा–पत्र संख्या :–21 / 2025 दायर दिनांक– 15.09.2025

 IS NO:- 2025/296 पीठासीन अधिकारी :– श्रीमती प्रीति मीणा

1. इरलाम मोहम्द आ0 शफी मोहम्मद जाति मुसलमान नि0 मांडलगढ तहसील मांडलगढ जिला भीलवाडा।
2. नसीमबानों आ0 शफी मोहम्मद जाति मुसलमान नि0 मांडलगढ तहसील मांडलगढ जिला भीलवाडा।
3. बाबू आ0 शफी मोहम्मद जाति मुसलमान नि0 मांडलगढ तहसील मांडलगढ जिला भीलवाडा।
4. बिसमिल्ला बानों आ0 शफी मोहम्मद जाति मुसलमान नि0 मांडलगढ तहसील मांडलगढ जिला भीलवाडा।
5. शरीफ मो. आ0 शफी मो0 जाति मुसलमान नि0 मांडलगढ तहसील मांडलगढ जिला भीलवाडा।
6. समीमबानों आ0 शफी मो0 जाति मुसलमान नि0 मांडलगढ तहसील मांडलगढ जिला भीलवाडा।

प्रार्थीगण

बनाम

भूस्वामी जर्ये श्रीमान् तहसीलदार साहब, तहसील नैनवॉ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 111, 128 एल आर एक्ट

उपस्थितिः–

प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री रमेश कुमार कहार।

निर्णय दिनांक 29.09.2025

–:निर्णयः–

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम देई तहसील नैनवॉ मे कृषि भूमि जमाबन्दी संवत् 2076–2079 की खाता संख्या 1374 की खसरा संख्या 4041/1 रकबा 0.3236 हैक्टयर स्थित है जो प्रार्थीगण के खातेदार अधिकार व आधिपत्य की तरमीमशुदा कृषि भूमि है।

यह कि प्रार्थीगण की उपरोक्त कृषि भूमि पर पडोसियों द्वारा कब्जा करने का अंदेशा है क्योंकि प्रार्थीगण द्वारा अप्रार्थी को दिये गए सीमाज्ञान आवेदन पर पूर्व मे पटवारी हल्का द्वारा जरीब चलाकर सीमाज्ञान किया और मौका पर्चा बनाकर मौखिक रूप से कहा गया कि पत्थरगढी करने व पुलिस इमदाद से करवाने हेतु न्यायालय मे प्रार्थना पत्र पेश कर आदेश प्राप्त करें। प्रार्थीगण को अधिकार प्राप्त है कि वह अपनी उक्त तरमीमशुदा भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढी करवाये। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में शपथ पत्र, नकल जमाबन्दी, पेश कर धारा 111, 128 एल.आर एक्ट के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र पेश पत्थरगढी करवाये जाने का निवेदन किया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 तहसीलदार नैनवॉ की तामिली प्राप्त लेकिन उनकी रिपोर्ट अप्राप्त।

हमने पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजो का अवलोकन किया तथा पाया कि धारा 111, 128 का प्रार्थना पत्र एक समरी ट्रायल प्रार्थना पत्र है एवं प्रार्थीगण द्वारा उक्त भूमि का पूर्व मे ही सीमाज्ञान करवाने हेतु प्रार्थना पत्र मे कथन किया गया है अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नैनवॉ को इस आशय के साथ आदेशित किया जाता हैं कि ग्राम देई तहसील नैनवॉ मे कृषि भूमि जमाबन्दी संवत् 2076–2079 की खाता संख्या 1374 की खसरा संख्या 4041/1 रकवा 0.3236 हैक्टयर भूमि पर प्रार्थीगण का यदि संपूर्ण हिस्से पर कब्जा पाया जाता है तो नायब तहसीलदार अथवा भू–अभिलेख निरीक्षक स्तर के अधिकारी की टीम गठित कर व आवश्यक हो तो पुलिस इमदाद प्राप्त कर 500/– रूपये अक्षरे पांच सौ रूपये शुल्क राजकोष में जमा कराने पर पत्थरगढी किये जाने के आदेश दिये जाते है।

निर्णय आज दिनांक 29.09.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी नैनवा